स्मरण –पत्र–4

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
(सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ)
::मंत्रालय::
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
––00––

क्रमांक एफ 7–1/2021/1–13 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 08/06/2022

प्रति,

**अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/**
**सचिव/ विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार)**
छत्तीसगढ़ शासन
समस्त संभागायुक्त
समस्त कलेक्टर
समस्त विभागाध्यक्ष
छत्तीसगढ़

विषय :– सामान्य प्रशासन विभाग की आर.टी.आई पोर्टल में पदनामित जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी का स्व–पंजीयन बाबत्।

संदर्भ :– इस कक्ष का समसंख्यक पत्र दिनांक 29.01.2022, 02.02.2022, 07.03.2022 एवं 13.04.2022

––00––

उपरोक्त विषयांर्गत संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के आरटीआई पोर्टल में प्राप्त होने वाले आवेदनों के संबंध में आपके अधीनस्थ विभाग एवं मैदानी क्षेत्र के कार्यालयों में पदनामित जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी का आर.टी.आई पोर्टल URL https://rtionline.cg.gov.in पर सभी संबंधितों के द्वारा दिनांक 25.04.2022 तक स्व–पंजीयन किये जाने हेतु निर्देश जारी किये गये थे।

2/ मुख्य सूचना आयुक्त महोदय द्वारा पोटर्ल पर ऑनलाईन बोर्डिंग दिनांक 19.5.2022 को समीक्षा की गई । इस संबंध में स्व पंजीयन की अल्प प्रगति पर मुख्य सूचना आयुक्त महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

3/ दिनांक 06/06/2022 की स्थिति में 1934 जनसूचना अधिकारी द्वारा स्व पंजीयन किया गया जिसमें से 797 ऑन–बोर्डिंग फार्म पूर्ण रूप से भरे है। 286 ऑन–बोर्डिंग फार्म प्रथम अपीलीय अधिकारियों द्वारा स्वीकृत किया गया है। वर्तमान में नोडल अधिकारी के पास 297 तथा प्रथम अपीलीय अधिकारी के पास 136 ऑन–बोर्डिंग फार्म स्वीकृत हेतु लंबित है।

4/ अतः पुनः समस्त विभागों/कार्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि आप अपने विभागों एवं अधीनस्थ कार्यालयों के जनसूचना अधिकारी/प्रथम अपीलीय अधिकारियों का स्व–पंजीयन/अनुमोदन वेबसाईट https://rtionline.cg.gov.in में किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर आपके कार्यालयों में स्थित एनआईसी से संपर्क कर स्व–पंजीयन की कार्यवाही तत्काल पूर्ण करने का कष्ट करे।

(मेरी खेस्स)
**उपसचिव,**
**छत्तीसगढ़ शासन,**
**सामान्य प्रशासन विभाग**

पृ.क्रमांक एफ 7–1/2021/1–13 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 08/06/2022

प्रतिलिपि –

1. सचिव, छ.ग. राज्य सूचना आयोग, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) की ओर उनके पत्र क्र. 930/नि.स./छगरासूआ/22, दिनांक 24/05/2022 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित हेतु ।
2. राज्य सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC), मंत्रालय नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर छ0ग0) की ओर सूचनार्थ प्रेषित ।

उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग